नमामि गंगे की सफलता के लिए राष्ट्रीय मिशन एवं रोटरी इंडिया के मध्य समझौता

drishtiias.com/hindi/printpdf/nmcg-signs-mou-with-rotary-india-for-success-of-namami-gange

सन्दर्भ

अधिक से अधिक स्वयंसेवी संगठनों को शामिल करते हुए नमामि गंगे कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने के प्रयास में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन ने २ मार्च 2017 को रोटरी इंडिया के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

प्रमुख बिंदु

- रोटरी इंडिया विभिन्न विद्यालयों में 'स्कूलों में धुलाई' कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ गंगा मिशन का समर्थन करेगा।
- गौरतलब है कि केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण मंत्री सुश्री उमा भारती नमामि गंगा कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी पर बल देती रही हैं।
- इस सहमति ज्ञापन से गंगा संरक्षण विषय को रोटरी के 'स्कूलों में धुलाई' कार्यक्रम से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। अधिक से अधिक लोगों तथा समुदाय तक पहुंचने पर बल दिया जाएगा।
- रोटरी का यह कार्यक्रम बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के नाडियाड जिले में गंगा नदी से लगे स्थानों के सरकारी स्कूलों में चलाया जाएगा।
- यह कार्यक्रम अन्य राज्यों में भी चलाया जाएगा जहां रोटरी इंडिया की मजबूत उपस्थिति है। रोटरी इंडिया गंगा संरक्षण के बारे में स्कूलों और समुदायों में जागरूकता गतिविधियां और अभियान चलाएगा और इससे नदी में बहते प्रदूषण में कमी आएगी।
- यह सहमति ज्ञापन दो वर्षों के लिए है।
- एनएमसीजी तथा रोटरी के बीच यह सहयोग गंगा संरक्षण में हितधारकों और समुदायों को शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
- इस सहयोग से रोटरी इंटरनेशनल की शक्ति बढ़ेगी और एनएमसीजी की ओर से कोई अतिरिक्त वित्तीय वचनबद्धता नहीं निभानी होगी।

कार्यक्रम में लक्षित सरकारी विद्यालयों में जल, स्वच्छता और साफ-सफाई सेवाओं को लागू करना और स्कूली बच्चों, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन समुदाय का समितियों तथा सभी हितधारकों को स्वच्छता पर जागरूकता में सुधार के लिए सार्थक स्वास्थ्य व्यवहारों को अपनाने में संवेदी बनाना है। यह लक्ष्य सीखने के एकीकृत माहौल तथा बच्चों को परिवर्तन के एजेंट के रूप में सक्षम बनाने से प्राप्त किया जा सकता है। रोटरी इंडिया की योजना 20,000 सरकारी स्कूलों में सफाई कार्यक्रम चलाने की है।